# जनपद–सुल्तानपुर फैजाबाद मण्डल–

## दिनांक 18–19 जुलाई 2017

डा0 प्रबीर पांडा, महाप्रबंधक, एम0आई0एस0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नेतृत्व में भ्रमण टीम द्वारा फैजाबाद मण्डल के जनपद सुल्तानपुर का दिनांक 18.07.17 से 19.07.17 तक भ्रमण किया गया। जनपद में अनुश्रवण के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिन्दु प्रकाश में आये। इनका इकाईवार विवरण निम्न है–

- **जिला महिला चिकित्सालय सुल्तानपुर–**
  - जिला चिकित्सालय में डा0 उर्मिला चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका के पद पर तैनात हैं।
  - डा0 उर्मिला चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री संतोष के साथ केन्द्र का निरीक्षण किया गया।
  - चिकित्सालय में वर्तमान में 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ, 1 निश्चेतक, 1 बाल रोग विशेषज्ञ एवं 1 पैथालाजिस्ट चिकित्सक कार्यरत हैं।
  - चिकित्सालय में औसतन 450 मरीजों का प्रतिदिन उपचार किया जा रहा है तथा औसतन 20 प्रसव प्रतिदिन कराये जा रहे हैं।
  - चिकित्सालय में वर्तमान में 09 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं, जिनमें से 01 एस0बी0ए0, 02 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 एवं 02 एन0एस0एस0के0 प्रशिक्षण प्राप्त हैं।
  - चिकित्सालय में वर्तमान में 09 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं,
  - गत माह में चिकित्सालय में 579 सामान्य प्रसव कराये गये, जिनमें से 145 सी0सेक्शन हैं।
  - सामान्यतः सभी नवजात शिशुओं का टीकाकरण जिला चिकित्सालय में कराया जा रहा है।
  - क्लीनिंग एवं गार्डिनिंग का कार्य संतोषजनक है।
  - एम0सी0एच0 विंग निर्माणधीन है, जो अगस्त 2016 में हस्तान्तरित किय जाना था, परन्तु अब तक निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण भवन हस्तान्तरित नहीं किया गया है।
  - एस0एन0सी0यू0 दिसम्बर 2016 से स्थापित है, परन्तु चिकित्सालय में मानव संसाधन की तैनाती न होने के कारण एस0एन0सी0यू0 क्रियाशील नहीं है। नवजात शिशु को आवश्यकता पड़ने पर जिला चिकित्सालय फैजाबाद सन्दर्भित किया जा रहा है।
  - चिकित्सालय में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन (45) सम्बन्धी कार्य किया जा रहा है।
  - गत माह में चिकित्सालय में 15 एच0आर0पी0 चिन्हित की गयी, जिसका विवरण चिकित्सालय में उपलब्ध है।
  - चिकित्सालय में समस्त आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं, भर्ती मरीजों द्वारा बाहर की दवाएं लिखने सम्बन्धी कोई शिकायत नहीं की गयी है।
  - चिकित्सालय में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक है।
- **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भदैयां, जनपद, सुल्तानपुर –**
  - केन्द्र में डा0 अमिताश मिश्रा, एम0ओ0आई0सी0 के पद पर तैनात हैं।
  - डा0 अमिताश मिश्रा, एम0ओ0आई0सी0 एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री संतोष के साथ केन्द्र का निरीक्षण किया गया।
  - सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भदैयां में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का कार्य डा0 अमिताष मिश्रा द्वारा देखा जा रहा है। उनके अतिरिक्त 04 अन्य एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक, 02 स्टाफ नर्स, 01 फार्मासिस्ट, 01 ए0एन0एम0 एवं अन्य स्टाफ उपलब्ध हैं।
  - सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्तमान में केवल 2 स्टाफ नर्स हैं जिससे चिकित्सकीय कार्य में कठिनाई हो रही है। चिकित्सालय में लगभग 100 प्रसव प्रतिमाह कराये जा रहे हैं।

- एम0सी0टी0एस0 पोर्टल के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि इन्टनेट एवं विद्युत सेवाएं बाधित होने के कारण एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर ससमय कार्य निष्पादित नहीं किया जा रहा है।
- चिकित्सालय में आई0एल0आर0 एवं डीप फ्रीजर कियाशील । टेम्परेचर लागर कार्य कर रहा था। समस्त वैक्सीन उपलब्ध थी।

♦ **<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कादीपुर, सुल्तानपुर –</u>**

- केन्द्र में डा0 नित्यानंद, एम0ओ0आई0सी0 के पद पर तैनात हैं।
- डा0 नित्यानंद, एम0ओ0आई0सी0 एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री संतोष के साथ केन्द्र का निरीक्षण किया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 04 एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक, 1 संविदा आयुष एवं 1 संविदा महिला चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं।
- केन्द्र में चीफ फार्मासिस्ट द्वारा ही स्टोर एवं वितरण व्यवस्था सम्बन्धी कार्य देखा जा रहा है, वर्तमान में फार्मासिस्ट का एक पद रिक्त है।
- केन्द्र में लगभग 150 मरीजों का प्रतिदिन उपचार किया जा रहा है तथा लगभग 100 प्रसव प्रतिमाह कराये जा रहे हैं।
- लेबर रूम में प्रोटोकाल पोस्टर एवं कलर कोडेड डस्टबिन उपलब्ध थे, परन्तु लेबर टेबल के समीप लगा पर्दा जमीन से लगभग 4 फीट खुला था, जिस हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कर दिया गया।
- चिकित्सालय में कार्यरत 3 स्टाफ नर्सो में से सभी एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी।
- माह जून 2017 में 114 प्रसवों तथा 251 महिलाओं को प्रसव पश्चात आई0यू0सी0डी0 सुविधा प्रदान की गयी।
- चिकित्सालय में 2 आई0एल0आर0 एवं 2 डीप फ्रीजर थे। टेम्परेचर लागर कार्य कर रहा था। समस्त वैक्सीन उपलब्ध थी।
- बी.सी.पी.एम. द्वारा बताया गया कि आशाओं का प्रत्येक मद मे भुगतान किया गया है परन्तु रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराये गये।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध 102/108 एम्बुलेन्स का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान लॉगबुक एव मीटर रीडिंग में भिन्नता पायी गयी।
- 102/108 एम्बुलेन्स का निरीक्षण करने पर एम्बुलेन्स गन्दी पायी गयी तथा दवाईयों एवं एम्बुलेन्स का रख–रखाव अत्यन्त असन्तोषजनक पाया गया।
- डा0 नित्यानंद, एम0ओ0आई0सी0 को इस सम्बन्ध अवगत कराते हुए यथोचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

♦ **<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बढ़ौनाडीह, सुल्तानपुर –</u>**

- डा0 नित्यानंद, एम0ओ0आई0सी0 एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री संतोष के साथ केन्द्र का निरीक्षण किया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फार्मासिस्ट श्री राम सूरत गुप्ता तैनात है, वर्तमान में कोई भी चिकित्सा अधिकारी इस केन्द्र पर कार्यरत नहीं हैं।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फार्मासिस्ट द्वारा प्रतिदिन हस्ताक्षर किये जा रहे हैं तथा दिनांक 19.07.2017 की बिना दिनांक की लीव एप्लीकेशन उपलब्ध थी, जो सक्षम स्तर से अनुमोदित नहीं थी।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वार्ड ब्वाय अनुराग बारी एवं स्वीपर कम चौकीदार अब्बास मौजूद थे, संभवतः उनके द्वारा ही **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बढ़ौनाडीह, संचालित की जा रही है।**
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत वार्ड ब्वाय अनुराग बारी को दवाईयों सम्बन्धी कोई ज्ञान नहीं था, उनके द्वारा रक्षित इमरजेन्सी ट्रे में उपलब्ध दवाये एक्सपायरी डेट की थी।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये, केन्द्र अत्यंत गन्दा था, साफ सफाई एवं रखरखाव संबंधित द्वारा नही किया जा रहा था।
- डा0 नित्यानंद, एम0ओ0आई0सी0 को सम्बन्धित फार्मासिस्ट श्री राम सूरत गुप्ता की दिनांक 19.07.2017 की अवकाश स्वीकृत करने तथा सम्बन्धित को चेतावनी देने हेतु निर्देशित किया गया।

◆ **मुख्य केन्द्र – II , गॉव–बरवारीपुर गनीउल्लाह का दरवाजा –**

- डा0 नित्यानंद, एम0ओ0आई0सी0 एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री संतोष के साथ केन्द्र का निरीक्षण अपरान्ह 1.35 बजे किया गया।
- वी0एच0एन0डी0 सत्र पर 5 बच्चे और 08 गर्भवती महिलाये उपस्थित थी।
- ए0एन0एम0 द्वारा 12 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था।
- सत्र स्थल पर 10 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण/टीकाकरण किया जा चुका था।
- सत्र स्थल पर 04 बच्चों को मीजिल्स, 05 बच्चों पेन्टावेलेन्ट एवं 02 बच्चों डी0बी0टी0/डी0बी0टी बूस्टर की डोज दी जा चुकी थी।

Relevant photographs of the facility attached.